# राइट्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)**

**शिखर, प्लॉट नंबर-1, सेक्टर– 29, गुरुग्राम–122001**

**संविदा के आधार पर तमिलनाडु में आईडीए वेतनमान में पेशेवरों की भर्ती**
(किसी प्रकार की विवाद पूर्ण स्थिति में अंग्रेजी का मूल पाठ मान्य होगा)

राइट्स लिमिटेड, भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, परिवहन, इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा संबंधित तकनीकों के क्षेत्र में एक अग्रणी बहु-विषयक परामर्श संगठन है।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र आरंभ होने की तिथि** | **14.09.2026** |
| **ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि** | **04.10.2026** |
| **प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि** | **05.10.2026** |
| **साक्षात्कारी की तिथि (संभावित)** | **05.10.2026** |

राइट्स लिमिटेड को निम्नलिखित प्रतिभावान और मेहनती पेशेवरों की तत्काल आवश्यकता है:

| वीसी सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना | ईडब्ल्यूएस | अपिव (एनसीएल) | अजा | अजजा | कुल |
| सीपी/14/26 | प्रबंधक-पीएपीआईएस | 01 | - | - | - | - | 01 |

**आयु सीमा**

| अधिकतम आयु | आयु की गणना के लिए कट-ऑफ तिथि |
|---|---|
| 40 | आवेदन की अंतिम तिथि यानी **04.10.2026** तक |

**न्यूनतम अर्हता एवं अनुभव**

| वीसी सं. | पदनाम | *न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम पद-योग्यता अनुभव |
|---|---|---|---|
| सीपी/14/26 | प्रबंधक/पीएपीआईएस | पूर्णकालिक डिप्लोमा/बी.ई./बी.टेक. (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन) या समकक्ष। | **डिप्लोमा के लिए:** अर्हता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव, जिसमें मेट्रो रोलिंग स्टॉक पीएपीआईएस प्रणाली की स्थापना एवं कमीशनिंग/रखरखाव/पर्यवेक्षण में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।<br>**डिग्री के लिए:** अर्हता प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव, जिसमें मेट्रो रोलिंग स्टॉक पीएपीआईएस प्रणाली की स्थापना एवं कमीशनिंग/रखरखाव/पर्यवेक्षण में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है। |

**टिप्पणी: 1. प्रशिक्षण अवधि (ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को छोड़कर)/इंटर्नशिप/अध्यापन/शैक्षणिक अनुभव/फेलोशिप/पीएच.डी. शोध अनुभव को अनुभव**

**अवधि में शामिल नहीं किया जाएगा।**

**2. आयु, अनुभव तथा अन्य सभी पात्रता मानदंडों की गणना आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (अर्थात कट-ऑफ तिथि 04.10.2026) के अनुसार की जाएगी।**

*अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों (तथा अनारक्षित पदों के विरुद्ध आवेदन करने वाले अ.जा/अ.ज.जा./ओबीसी (एनसीएल)/दिव्यांग अभ्यर्थियों) के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्रथम श्रेणी अथवा न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों (लागू होने के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/दिव्यांगजन) के लिए आरक्षित पदों के विरुद्ध विचार किए जाने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में कम-से-कम 50% अंक होना आवश्यक है।

**<u>शैक्षणिक योग्यताओं के संबंध में टिप्पणी:</u>**

अभ्यर्थी के पास एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त डिग्री होनी चाहिए; भारत में केन्द्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम द्वारा निगमित विश्वविद्यालय या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थान या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित डिग्री होनी चाहिए।

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की सेक्शन ए और बी परीक्षा, जिसे भारत सरकार द्वारा डिग्री के समकक्ष माना जाता है और एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है, भी स्वीकार की जाएगी।

**यदि प्रमाण-पत्र अथवा अंकतालिका में प्रथम श्रेणी/डिवीजन अथवा प्रतिशत अंक अंकित नहीं हैं, तो अभ्यर्थी को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी सीजीपीए/डीजीपीए आदि से प्रतिशत निकालने का रूपांतरण सूत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा कोई रूपांतरण सूत्र निर्धारित नहीं किया गया है, तो विश्वविद्यालय/संस्थान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मामलों में 10 अंकों के पैमाने पर न्यूनतम 6 सीजीपीए को 60% के समतुल्य माना जाएगा।**

## चयन प्रक्रिया

ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रारंभिक रूप से प्रमाणपत्र जांच/सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी, जिसमें आवेदन किए गए पद के संबंध में उनकी पात्रता का सत्यापन किया जाएगा। इसके उपरांत, चयनित किए गए/पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी। राइट्स लिमिटेड पात्र अभ्यर्थियों में से चयन हेतु चयनित अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
चयन प्रक्रिया में विभिन्न मापदंडों का भारित वितरण निम्नानुसार होगा:

साक्षात्कार - 100%

(तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रवीणता-65 अंक; व्यक्तित्व संचार एवं कौशलदक्षता- 35 अंक)

अभ्यार्थी को चयन पैनल में शामिल किए जाने के लिए साक्षात्कार में अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए न्यूनतम 60% अंक (आरक्षित पदों के विरुद्ध अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन अभ्यार्थियों के लिए 50% अंक) प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कुल अंकों में न्यूनतम अर्हता अंकों की कोई शर्त नहीं होगी।
पात्रता की शर्तें पूर्ण करने के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को दावा की गई शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। इनका उपयुक्त चरणों पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल स्रोत से भी सत्यापन कराया जा सकता है।

**राइट्स लिमिटेड की आवश्यकता एवं विवेकानुसार लिखित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन अथवा साक्षात्कार का आयोजन राइट्स के क्षेत्रीय कार्यालयों से भी किया जा सकता है। संबंधित अभ्यर्थियों को इसकी सूचना कॉल लेटर जारी करते समय दी जाएगी।**

चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति, संबंधित पद के लिए राइट्स के चिकित्सा फिटनेस मानकों एवं नियमों के अनुसार आयोजित चिकित्सा परीक्षण में चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने के अधीन होगी।

अभ्यर्थी को हिंदी अथवा अंग्रेजी, किसी भी भाषा में साक्षात्कार देने का विकल्प उपलब्ध होगा।

## छूट और रियायतें

ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव(एनसीएल)/दिव्यांगजन(पीडब्ल्यूडी)/पूर्व-सैनिक/जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार आरक्षित पद (जहां लागू हो) के लिए आरक्षण/छूट/रियायत दी जाएगी।

आयु में निम्निलिखित छूट अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने दी जाएगी:

- अजा/अजजा श्रेणी: 5 वर्ष
- अपिव-एनसीएल श्रेणी: 3 वर्ष
- दिव्यांगजन बेंचमार्क: 10 वर्ष; अजा/अजजा /अपिव-एनसीएल श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए आयु में अतिरिक्त मिलने वाली छूट के पद के जो नीचे दी गई तालिका में यथा उल्लिखित दिव्यांग के लिए उपयुक्त के रूप में अभिचिह्नत होने के अध्यधीन है।

हालांकि, आयु सीमा में छूट दिव्यांग अभ्यार्थियों पर लागू होगी, भले ही पद आरक्षित हो या न हो, पद के जो नीचे दी गई तालिका में यथा उल्लखित दिव्यांगों के लिए उपयुक्त के रूप में अभिचिह्नत होने के अध्यधीन है।

केवल वे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनकी संबंधित दिव्यांगता 40% या उससे अधिक है, दिव्यांगता के लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

दिव्यांग अभ्यर्थियों को संबंधित पद के लिए निर्धारित निम्नलिखित शारीरिक आवश्यकताओं एवं कार्यात्मक वर्गीकरण को पूरा करना होगा:

| **जिन श्रेणियों के लिए अभिचिह्नत किया गया** | **कार्यात्मक वर्गीकरण** | **शारीरिक आवश्यकताएं** |
|---|---|---|
| लोकोमोटर दिव्यांगता | ओए, ओएल, ठीक हुआ कुष्ठ रोग, ऐसिड अटैक पीड़ित | एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एसई, एमएफ, सी, आर, डब्ल्यू और आरडब्ल्यू |

दिव्यांगजन जो उस श्रेणी/वर्गीकरण से हैं जिसके लिए यह पद अभिचिह्नत है (जैसा कि उक्त तालिका में विनिदिष्ट है), वे भी आवेदन कर सकते हैं, भले ही उनके लिए रिक्त विशेष रूप से आरक्षित न हो। ऐसे अभ्यर्थियों पर सामान्य अर्हता मानक के आधार पर पद पर नियुक्ति के लिए चुने जाने के लिए विचार किया जाएगा।

| **कोड** | **कार्यात्मक वर्गीकरण** | **कोड** | **भौतिक आवश्यकताएं** |
|---|---|---|---|
| ओएच | अस्थि दिव्यांग | एस | बैठना |
| वीएच | दृष्टि दिव्यांग | एसटी | खड़ा होना |
| एचएच | सुनने में कठिनाई | डब्ल्यू | चलना |
| ओएल | एक पैर | एसई | देखना |
| ओए | एक हाथ | एच | सुनना/बोलना |
| बी ए | दोनों बाहें | आरडब्ल्यू | पढ़ना और लिखना |
| बीएच | दोनों हाथ | सी | संचार |
| एम डब्ल्यू | मांसपेशियों में कमज़ोरी | एमएफ | उंगलियों द्वारा संचालन |
| ओएएल | एक हाथ एक पैर | पीपी | खींचना और धकेलना |
| बीएलए | दोनों पैर और बांहें | एल | उठाना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| बीएलओए | दोनों टांगें एक बांहें | केसी | घुटने टेकना और झुकना |
| एलवी | कम दृष्टि | बी एन | झुकना |
| बी | अंधा | एम | गतिविधि |
| पीडी | आंशिक रूप से बहरा | जेयू | कूदना |
| एफडी | पूरी तरह से बहरा | सीएल | चढ़ना |
| बीएल | दोनों पैर | सीएल | चढ़ना |
| डी | बौनापन | | |
| सीपी | सेरेब्रल पाल्सी | | |
| एलसी | कुष्ठ रोग ठीक हुआ | | |
| एएवी | एसिड अटैक के पीड़ित | | |
| एमडी | कई दिव्यांगताएँ | | |

उपर्युक्त सूचियाँ संशोधन के अध्यधीन हैं।

## काम की प्रकृति और अवधि

**नियुक्ति/प्रस्ताव केवल समय-समय पर परियोजना/कंपनी की आवश्यकता अथवा (जहां लागू हो) ग्राहक द्वारा जीवन-वृत्त की स्वीकृति तथा परियोजनाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित मानदंडों की पूर्ति के आधार पर ही जारी किए जाएंगे।**

**कृपया ध्यान दें कि किसी रिक्ति के विरुद्ध पैनल में शामिल किया जाना, राइट्स लिमिटेड में नियुक्ति अथवा रोजगार का अधिकार सुनिश्चित नहीं करता है। जनशक्ति की तैनाती पूर्णतः परियोजना/कंपनी की आवश्यकता के आधार पर की जाएगी।**

नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर होगी, जिसे पारस्परिक सहमति और संतोषजनक कार्य-निष्पादन के अधीन कार्य/दायित्व के पूरा होने तक बढ़ाया जा सकता है। तथापि, असंतोषजनक कार्य-निष्पादन अथवा कर्मचारी द्वारा अनुचित आचरण/दुर्व्यवहार/कदाचार किए जाने या ग्राहक द्वारा सेवाएँ बंद किए जाने की स्थिति में सेवाएँ बिना किसी नोटिस अथवा उसके बदले वेतन के समाप्त कर दी जाएंगी।

चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की आवश्यकता के अनुसार भारत में कहीं भी पदस्थ किया जा सकता है।

## पारिश्रमिक

पद के लिए वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर देय अनुमानित परिलब्धियां निम्नानुसार हैं–

| वीसी संख्या | डाक | वेतनमान |
|---|---|---|
| सीपी/14/26 | प्रबंधक-पीएपीआईएस | ₹50,000-1,60,000 |

चयनित अभ्यार्थियों को मूल वेतन और महंगाई भत्ता, मूल वेतन का 23% निश्चित/परिवर्तनीय भत्ते, मकान किराया भत्ता/लीज़, भविष्य निधि में अंशदान, ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के अनुसार ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाएगा। अन्य लाभ इस प्रकार होंगे:

क. छुट्टियाँ
ख. मातृत्व अवकाश
ग. चिकित्सा सुविधा
घ. दुर्घटना/मृत्यु बीमा
ङ. अवकाश नकदीकरण

(उपर्युक्त सभी) संविदागत कर्मचारियों पर लागू कंपनी नियमों के अनुसार

## शुल्क

| श्रेणी | शुल्क |
|---|---|
| सभी अभ्यार्थी | शून्य |

## स्थान

| चयन दौर | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|
| साक्षात्कार | राइट्स लिमिटेड,<br>शिखर, प्लॉट नंबर-01, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 |
| | राइट्स, दक्षिण क्षेत्र निरीक्षण कार्यालय, चेन्नई<br>सीटीएस बिल्डिंग, दूसरा तल, बीएसएनएल कॉम्पलेक्स, नं.-16, ग्रीम्स रोड, चेन्नई-600006 |

## आवेदन कैसे करें

1. **अभ्यार्थी आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए आवश्यक शर्तों एवं अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।**
2. उपर्युक्त निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यार्थियों को राइट्स वेबसाइट, http://www.rites.com के कैरियर सेक्शन में उपलब्ध पंजीकरण प्रोफार्मा में ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है।
3. ऑनलाइन आवेदन करते समय; सिस्टम अभ्यार्थी द्वारा भरे हुए ऑन लाइन फार्म के ऊपर 'पंजीकरण संख्या' जेनरेट करेगा। राइट्स लिमिटेड के साथ आगे संपर्क किए जाने के लिए इस "पंजीकरण संख्या" को नोट कर लें।
4. अपेक्षित विवरण भरते समय, अभ्यार्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे "पहचान प्रमाण" का विवरण सावधानीपूर्वक और सही ढंग से भरें। अभ्यार्थियों को यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे इसे नोट करें और यह सुनिश्चित करें कि पहचान प्रमाण उपलब्ध है, क्योंकि चयन (अगर बुलाया जाता है) के पश्चात के चरणों में इसे मूल रूप में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
5. **"आवेदन पत्र भरें/संशोधित करें "के अंतर्गत आवश्यक विवरण भरने के बाद, अभ्यार्थियों को "प्रमाणपत्र अपलोड करें "सेक्शन के अंतर्गत सभी प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे।**

अभ्यार्थियों को यह पक्का करना होगा कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करते समय सभी आवश्यक प्रमाणपत्र अपलोड करें, जो उनकी पात्रता के संबंध में उनके दावे को साबित करते हों। ऑनलाइन आवेदन पत्र के दौरान अभ्यार्थियों द्वारा अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की लिस्ट नीचे दी गई है:

- क. जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र
- ख. एकेडमिक और प्रोफेशनल अर्हता के प्रमाणपत्र के साथ-साथ सभी अर्हता (10वीं, 12वीं, डिप्लोमा/ग्रेजुएशन/ स्नातकोत्तर जैसा भी लागू हो और जैसा कि आवेदन पत्र पत्र में बताया गया है) के सभी सेमेस्टर/वर्ष की अंकपत्र।
- ग. विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी किया गया प्रतिशत रूपांतरण दस्तावेज़ (जहां भी लागू हो)
- घ. भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/अपिव-एनसीएल/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र (जहां भी लागू हो)
- ङ. पहचान और पते का प्रमाण (पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि)
- च. पैन कार्ड
- छ. आवेदन पत्र पत्र में बताए गए अनुभव के समय का प्रूफ एक ही पीडीएफ में कालानुक्रमिक क्रम में (जैसा लागू हो) में सबमिट करना होगा। इसमें ऑफर लेटर, नियुक्ति आदेश, कार्यमुक्ति आदेश , सेवा प्रमाणपत्र, संबंधित पे स्लिप वगैरह शामिल हैं, जो ऑनलाइन आवेदन पत्र में बताए गए सेवा सयम के दावे को साबित करते हैं।
- ज. ऑनलाइन आवेदन पत्र में सबमिट किए गए अपने कैंडिडेटचर और दावों के सपोर्ट में ज़रूरी कोई भी दूसरा दस्तावेज

**नोट: अभ्यार्थियों को यह सुनिश्चत करना होगा कि स्कैन की गई कॉपी साफ़ और दृश्य हों। ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करते समय, आवश्यक प्रमाणपत्र अपलोड न करने पर, जो उनकी पात्रता और आवेदन पत्र में किए गए दावों को साबित करते हैं, अभ्यार्थी की उम्मीदवारी रद्द की**

**जा सकती है।**

6. सभी दस्तावेज अपलोड करने के बाद, अभ्यार्थियों को "भुगतान" सेक्शन में जाकर ऑनलाइन भुगतान करना होगा तथा आवेदन शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक होने के बाद, फाइनल आवेदन पत्र डाउनलोड करना होगा। अभ्यार्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे सबमिट किए गए आवेदन पत्र की एक कॉपी अपने पास रखें और चयन के समय (अगर बुलाया जाता है) उसे साथ ले जाएं।

**भुगतान विवारण में उस श्रेणी के आधार पर बैंक को भुगतान की जाने वाली राशि दिखाई गई है जिसके लिए आप आवेदन पत्र सबमिट कर रहे हैं।**

**शुल्क भुगतान सफल न होने पर आवेदन पत्र को अधूरा माना जाएगा और उसे तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

7. आपके आवेदन में अनुभव के संबंध में आपके द्वारा किए गए दावों के संदर्भ में, दस्तावेज़ सत्यापन के समय आपके पिछले नियोक्ता से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। वर्तमान रोजगार के संबंध में, अनुभव प्रमाणपत्र/ज्वाइनिंग लेटर के साथ पिछले महीने की वेतन पर्ची, या फार्म-16 और अन्य दस्तावेज जो नौकरी में आपकी निरंतरता को स्पष्ट रूप से साबित करते हों, जमा करने होंगे। यदि आपके द्वारा प्रस्तुत प्रमाणों से आपका दावा प्रमाणित नहीं होता है, तो दस्तावेज़ जांच के समय आपकी उम्मीदवारी खारिज की जा सकती है। कृपया अपनी उम्मीदवारी स्थापित करने वाले प्रमाण पत्रों के साथ अपने दावों की जांच करें। दस्तावेज़ सत्यापन के समय अधूरा आवेदन या अपर्याप्त प्रमाण आपकी उम्मीदवारी को खारिज कर देंगे। आवेदन में दी गई जानकारी के अलावा किसी भी अतिरिक्त जानकारी पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा।
8. आरक्षण का लाभ उठाने के लिए, एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल अभ्यार्थियोंम को सक्षम अधिकारियों से जाति प्रमाण पत्र देना होगा, जैसा कि **अनुलग्नक-I** (एससी/एसटी अभ्यार्थियों के लिए) और **अनुलग्नक-II** (ओबीसी-एनसीएल अभ्यार्थियों के लिए) में दिए गए फॉर्मेट के अनुसार, जो **महत्वपूर्ण तिथि यानी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक मान्य हो।** इसके अलावा, ओबीसी-एनसीएल अभ्यार्थियों के मामले में, प्रमाण पत्रों में विशेष रूप से यह बताया जाना चाहिए कि वे भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के O.M.No.36012/22/93-Estt. (एससीटी) दिनांक 08.09.93 और इसके पश्चात के संशोधन O.M.No.36033/3/2004-Estt. (Res) दिनांक 09.03.2004, 27.05.2013, 13.09.2017 और इस विज्ञापन के लिए ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि तक प्राप्त किसी भी अन्य संशोधन के शेड्यूल के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हैं।

**<u>ओबीसी-एनसीएल श्रेणी</u>**

THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

अभ्यार्थियों को यह पक्का करना चाहिए कि इस विज्ञापन के तहत पदों के लिए आवेदन करते समय वे अपिव-नॉन-क्रीमी लेयर (एनसीएल) श्रेणी के हों। इसके अलावा, कम्युनिटी प्रमाणपत्र (अपिव) के साथ-साथ, अभ्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान **अनुलग्नक-III** के अनुसार तय प्रारूप में एक घोषणा भी देनी होगी, जिसमें यह बताया गया हो कि वे आवश्यक तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं।

**जो प्रमाणपत्र दिया जाएगा, वह आवश्यक तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।** अगर इन शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो आरक्षित स्टेटस (अपिव-एनसीएल) के लिए उनका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यार्थियों का कैंडिडेटचर/आवेदन, अगर वे सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो उन्हें सिर्फ सामान्य (अनारक्षित) रिक्त के तहत ही माना जाएगा।

**<u>ईडब्ल्यूएस श्रेणी (वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मान्य):</u>**

ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित रिक्त के लिए अप्लाई करने वाले अभ्यार्थियों के पास **आवश्यक तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक आय और संपत्ति प्रमाणपत्र होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र भारत सरकार के प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।** अगर इन शर्तों का पालन नहीं किया जाता है, तो ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षित स्टेटस के लिए उनका दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यार्थियों का कैंडिडेटचर/आवेदन, अगर वे सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, तो उन्हें केवल सामान्य (अनारक्षित) रिक्त के तहत ही माना जाएगा।

अपिव एनसीएल और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिए, अभ्यार्थी को उनके कार्यग्रहण की तिथि पर वैध अपिव एनसीएल प्रमाणपत्र और ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो) जमा करने का अवसर दिया जाएगा, **जो आवश्यक तिथि यानी इस विज्ञापन में आवेदन जमा**

**करने की अंतिम तिथि तक वैध होना चाहिए।** जो आरक्षित श्रेणी के अभ्यार्थी इस अतिरिक्त अवसरों के बाद भी आवेदन पत्र में आरक्षित श्रेणी से संबंधित होने के अपने दावे के सपोर्ट में वैध प्रमाणपत्र नहीं दे पाएंगे; उन्हें अनारक्षित श्रेणी के अभ्यार्थी माना जाएगा।

9. दस्तावेज़ की हार्ड कॉपी पद/कूरियर से इस कार्यालय में न भेजें।

10. इस ऑनलाइन **आवेदन पत्र** की एक कॉपी, जिसमें पंजीकरण संख्या हो, प्रिंट करके साइन करके अपने पास रखनी है। इसे नीचे दिए गए दस्तावेज़ की **स्व अभिप्रमाणित फोटोकॉपी** के साथ, बिल्कुल इसी ऑर्डर में जमा करना है। (अगर साक्षात्कार के दिन दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है):
    - क. एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो
    - ख. जन्म तिथि के प्रमाण के लिए हाई स्कूल प्रमाण पत्र
    - ग. शैक्षणिक और पेशेवर अर्हता के प्रमाणपत्र और सभी सेमेस्टर/वर्ष के सभी अर्हता के अंक पत्र (10वी, 12वीं, डिप्लोमा/स्नातक/स्नातकोत्तर जैसा लागू हो)
    - घ. भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ईडब्ल्यूएस/ अजा/अजजा/अपिव प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
    - ङ. पहचान और पते का प्रमाण (पासपोर्ट, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि)
    - च. पैन कार्ड
    - छ. आवेदन पत्र में बताए गए अलग-अलग समय के अनुभव का सबूत (अगर लागू हो)
    - ज. आपके उम्मीदवारी के समर्थन में कोई अन्य दस्तावेज़
    - झ. नवीनतम प्रारूप के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)।
11. चयन के समय (अगर बुलाया जाता है) अभ्यार्थी को मूल प्रशंसापत्र /दस्तावेज़ के साथ उनकी एक स्व प्रमाणित प्रति भी दिखानी होगी। सत्यापन के बाद मूल प्रति वापस कर दी जाएंगी।

12. सिर्फ़ पद के लिए आवेदन करने/दस्तावेज़ जमा करने/चयन में शामिल होने या अर्हता करने से अभ्यार्थी को चयन का दावा करने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता। अगर यह पाया जाता है कि कोई अभ्यार्थी विज्ञापन में बताए गए पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसका आवेदन तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।
13. अभ्यार्थियों को अपनी उम्मीदवारी से जुड़ी सभी विवरण जमा करनी होंगी, जैसे व्यक्तिगत विवरण, शैक्षणिक अर्हता विवरण, अनुभव विवरण, श्रेणी वगैरह। इस संबंध में, अगर भविष्य में कोई भी जानकारी छिपाई हुई पाई जाती है, तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
14. अभ्यार्थियों को एक रिक्ती के लिए सिर्फ़ एक ही आवेदन सबमिट करना चाहिए और एक बार सबमिट किया गया आवेदन बदला नहीं जा सकता। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के लिए एक वैध ई-मेल आईडी आवश्यक है। राइट्स अभ्यार्थियों को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउंस होने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। यद्यपि, अभ्यार्थियों अलग-अलग कितनी भी रिक्ती के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
15. **अभ्यार्थियों को अनुलग्नक-क के दो भरे हुए कॉपी और उसमें बताए गए दस्तावेज़ को सही क्रम में लाकर दस्तावेज़ सत्यापन/चयन प्रक्रिया के समय जमा करना होगा।**

## सामान्य अनुदेश

1. प्रबंधन को कोई भी अन्य नोटिस जारी किए बिना तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर चयन/भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित/ परिवर्तित करने का अधिकार है।
2. रिक्तियों की संख्या में बदलाव हो सकता है।
3. सेवारत सरकारी/पीएसयू के कर्मचारियों का चयन होने की स्थिति में अपने मूल संगठन से समुचित रूप से कार्य-मुक्त होने पर ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी।
4. आवेदन करने से पूर्व अभ्यार्थी आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्टि कर लें।
5. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यार्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/असत्य जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएँ समाप्त की जा सकती हैं।
6. **इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल कंपनी की वेबसाइट www.rites.com पर ही प्रदर्शित किया जाएगा। इसलिए, आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट देखते रहें।**
7. ऑफर लेटर को अनुभव के प्रूफ के तौर पर नहीं माना जाएगा और अभ्यार्थियों को अनुभव क्लेम करने के लिए कार्यभार ग्रहण और कार्यमुक्ति आदेश/अनुभव प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
8. किसी विवाद के मामले में कानूनी क्षेत्राधिकार दिल्ली होगा।

9. किसी भी प्रकार का ट्रेन/बस किराया/टीए/डीए देय नहीं होगा।

**10. आयु, अनुभव और अन्य सभी पात्रता मानदंड की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (कट-ऑफ तिथि- 04.10.2026) के अनुसार की जाएगी।**

11. पात्रता प्राप्त करने की तिथि निम्नलिखित में से सबसे पहले होगी:-

(i) संबंधित माह का अंतिम दिन जिसमें अर्हता डिग्री की अंतिम परीक्षा आयोजित की गई हो। ऐसे मामलों में जहाँ लिखित परीक्षा की तिथि का स्पष्ट उल्लेख किया हो, उसे अर्हता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा।

(ii) परिणाम घोषित होने की तिथि

(iii) मार्कशीट/अंकतालिका जारी होने की तिथि

(iv) डिग्री/प्रमाणपत्र जारी होने की तिथि

इस संबंध में कोई और रियायत प्रदान नहीं की जाएगी।

**12. जहां शैक्षणिक अर्हता में अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता की आवश्यकता है, वहां अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय/संस्थान से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किया गया हो।**

## राइट्स के साथ संचार

इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई भी जानकारी पंजीकरण के समय अभ्यार्थी द्वारा दिए गए ईमेल पते पर उपलब्ध कराई जाएगी और/या राइट्स की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। अभ्यार्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे आगे की जानकारी के लिए समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें।

अभ्यर्थियों को अपने प्रश्नों के समाधान के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ने तथा राइट्स वेबसाइट पर कैरियर अनुभाग के अंतर्गत अपलोड किए गए "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)" को पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।

**यदि कोई प्रश्न हैं, तो उन्हें केवल cont.rectt@rites.com पर ही भेजें और उनमें ये विवरण अवश्य सम्मिलित करें:**

i. वीसी सं.

ii. पंजीकरण /रोल नं.

iii. अभ्यर्थी का पूरा नाम बड़े अक्षरों में

iv. आवेदन में दी गई वैध ई-मेल आई डी

उपर्युक्त ब्यौरा न होने पर पत्राचार का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

RITES THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

कोई भी प्रश्न/समस्या राइट्स को अंतिम तिथि से काफी पहले बता देनी चाहिए, ताकि सही और उचित शिकायत को दूर करने का अवसर मिल सके।

अंतिम समय में सामने आई समस्याओं के कारण से आवेदन पत्र जमा न होने पर राइट्स उत्तरदायी नहीं होगा।

**विज्ञापन में पहले से दी गई जानकारी से जुड़े प्रश्नों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।**

**अनुलग्नक - क**

# राइट्स लिमिटेड

## प्रमाणपत्र जमा करने की चेक-लिस्ट

अपने आवेदन के संदर्भ में, मैं अपेक्षित दस्तावेज तथा अपने प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहा हूँ/कर रही हूँ। (कालानुक्रमिक क्रम में):

| क्र. सं. | प्रमाणपत्र का नाम | प्रस्तुत (हां/नहीं) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 01 | जन्म तिथि के प्रमाण के लिए 10वीं /हाईस्कूल प्रमाण पत्र | | |
| 02 | 12वीं की अंकतालिका | | |
| 03 | डिप्लोमा/स्नातक मार्कशीट- सभी सेमेस्टर | | |
| 04 | पोस्ट ग्रेजुएशन की सभी सेमेस्टर की मार्कशीट | | |
| 05 | पीएचडी मार्कशीट और प्रमाण पत्र, यदि कोई हो | | |
| 06 | कृपया अन्य शैक्षणिक अर्हता/प्रमाणन बताएं<br>निर्दिष्ट करें: ________________________ | | |
| 07 | प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्रों की सूची:<br>1. ____________<br>2. ____________<br>3. ____________<br>4. ____________<br>5. ____________<br>6. ____________<br>7. ____________ | | |
| 08 | अंतिम कंपनी रिलीविंग लेटर/अनुभव प्रमाण पत्र, एनओसी (सरकारी/पीएसयू कर्मचारियों के लिए) | | |
| 09 | आधार कार्ड | | |
| 10 | पैन कार्ड | | |
| 11 | 02 नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो | | |

मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त प्रमाणपत्र मेरी जानकारी के अनुसार प्रामाणिक, वैध और सत्य हैं। यदि उपर्युक्त दस्तावेज़ों में से कोई भी या उनमें निहित कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नौकरी तुरंत अस्वीकृत/रद्द की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| अभ्यार्थी के हस्ताक्षर | |
| अभ्यार्थी का नाम | |
| दस्तावेज़ जमा करने की तिथि | |
| पद नाम | |
| वी.सी. संख्या जिसके लिए दस्तावेज़ प्रस्तुत किए गए हैं | |

**केवल आधिकारिक प्रयोग के लिए**

---

मैंने अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त दस्तावेजों का सत्यापन कर लिया है और पाया है कि वे कंपनी की अनिवार्यता(ओं) के अनुसार सही **हैं/नहीं**

**हैं (इनमें से किसी एक को काट दें)।**

| | |
|---|---|
| | |

| | |
|---|---|
| दस्तावेजों की कमी के संबंध में कोई अन्य टिप्पणी/विवरण: | |
| दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर | |
| दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी का नाम | |
| दस्तावेज़ स्वीकार करने वाले अधिकारी का पदनाम | |
| तिथि | |

RITES
THE INFRASTRUCTURE PEOPLE